शिवपाल सिंह यादव
विधायक-जसवंतनगर

5/5/24.

सेवा में,

मुख्य चुनाव आयुक्त,
भारत निर्वाचन आयोग,
निर्वाचन सदन, अशोक मार्ग नई दिल्ली

विषयः—23—बदायूँ लोकसभा क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा आम जनमानस और समाजवादी कार्यकर्त्ताओं को जबरदस्ती थानों में बैठाना व चुनाव प्रकिया को बाधित करने का क्रूर प्रयास के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि जिला बदायूँ पुलिस प्रशासन आम जनमानस एवं समाजवादी कार्यकर्त्ताओं को बेवजह कल रात लगभग 9 बजे से प्रभारी निरीक्षक मूसाझाग (श्री मनोज कुमार), प्रभारी निरीक्षक बिनावर (श्री अरविन्द कुमार), प्रभारी निरीक्षक कुंवरगांव (श्री राजेन्द्र बहादुर सिंह), प्रभारी निरीक्षक रजपुरा (श्री अमरपाल) विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर, प्रभारी निरीक्षक सहसवान (श्री सौरभ सिंह), प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज (श्री राकेश कुमार), प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर (श्री विजेन्द्र सिंह), प्रभारी निरीक्षक इस्लामनगर, प्रभारी निरीक्षक जरीफनगर, प्रभारी निरीक्षक उघैती, प्रभारी निरीक्षक बिल्सी, प्रभारी निरीक्षक उझानी द्वारा लगातार घरों में दबिश देकर सपा कार्यकर्ताओ को धमकाना एवं थानो में बैठाने का क्रूर प्रयास लगातार चल रहा है। इन सभी थानों में लगभग 40 से ज्यादा लोगों को बैठा रखा है जो कि सिर्फ और सिर्फ जनता में भय और वोटिंग को बाधित करने का प्रयास है इनकी भूमिका पक्षपातपूर्ण है। ऐसे समर्थको पर बीजेपी के पक्ष में कार्य करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है, धारा 151 में जेल भेजा जा रहा है, 7/16 में चालान किया जा रहा है एवं लाल कार्ड दिया जा रहा है जो कि सिर्फ और सिर्फ दहशत पैदा करने के लिए है । कल रात से लगातार प्रयास के बावजूद भी किसी भी प्रभारी निरीक्षकों का सी0यू0जी0 भी नहीं उपलब्ध था और जिनका उपलब्ध था वह फोन नहीं उठा रहे थे। जिसके उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से देर रात वार्ता होने के बाद भी सार्थक परिणाम नहीं निकल सका।

अतः आपसे सविनय निवेदन है कि पुलिस प्रशासन के इस दमन चक्र को रोककर निष्पक्ष चुनाव सम्पादित कराने एवं थानों में जबरदस्ती बैठाये गये लोगों को छुडवाने का कष्ट करें।

ऐसे अधिकारियों कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया से बाहर करा जाए.

शिवपाल
(शिवपाल सिंह)

पता- 7/8, **विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ**-226001, **फोन:** 0522-2235767
49, **न्यू कॉलोनी चौगुर्जी, इटावा**-206001, **फोन:** 05688-254527, 251400
मो: +91-8887150999